Roll No. ....................................
Signature of Invigilator ………………………

**Paper Code**
**BD-204**

# पतंजलि विश्वविद्यालय

# University of Patanjali

**Examination May – 2018**

**B. A. Philosophy (Semester: Second)**

**Philosophy**

**हिन्दी – 2**

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 70**

**नोट :** यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खंडों अ, ब, तथा स में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

## खण्ड–अ

### (दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'अ' में पांच (05) दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3×15=45)**

1. भाषा को परिभाषित करते हुए उसकी प्रकृति एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
2. वर्णमाला में स्वरों का महत्व समझाते हुए उसके प्रमुख प्रकारों का वर्णन करें।
3. सम्प्रेषण से आप क्या समझते हैं? भाषा सम्प्रेषण के विभिन्न चरणों का उल्लेख करें।
4. 'अव्यय' से आप क्या समझते है? इसके मुख्य भेदों का सोदाहरण वर्णन करें।
5. सन्धि से आपका क्या आशय है? इसके विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए।

## खण्ड–ब

### (लघु–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ब' में छः (06) लघु-उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×5=20)**

1. भाषा और बोली के मध्य अन्तर स्पष्ट करते हुए भाषा के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें।
2. विभक्ति अथवा कारक से आप क्या समझते हैं? हिन्दी व्याकरण में इसका महत्व समझाइए।
3. हिन्दी वर्ण व्यवस्था का परिचय देते हुए उनके उच्चारण स्थान का वर्णन करें।
4. एक आदर्श पत्र लेखन की विशेषता बताइए।
5. सर्वनाम को परिभाषित करते हुए उसके विविध प्रकारों का वर्णन करें।
6. विषय परिवर्तन हेतु अपने कक्षाध्यापक के पास प्रार्थना-पत्र लिखें।

## खण्ड–स
## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'स' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा अंक निर्धारित हैं। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। **(10×0.5=05)**

**1.** हिन्दी वर्णमाला में कुल कितने वर्ण हैं?
(अ) 53 (ब) 56
(स) 52 (द) 54

**2.** सन्धि के कितने भेद हैं?
(अ) पाँच (ब) दो
(स) चार (द) तीन

**3.** 'विभक्ति' का अर्थ है .............
(अ) अलगाव (ब) पार्थक्य
(स) बाँट (द) सभी

**4.** भाषा शब्द का विकास संस्कृत के किस धातु से हुआ है?
(अ) भाषा (ब) भाष्
(स) भेष (द) भज्

**5.** संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को कहा जाता है .......
(अ) विशेषण (ब) विभक्ति
(स) कारक (द) अव्यय

**6.** स्वर के कितने भेद हैं?
(अ) तीन (ब) दो
(स) पाँच (द) चार

**7.** उष्म वर्ण कहलाते हैं .................
(अ) जिनके उच्चारण में अधिक समय लगे (ब) जिनके उच्चारण में कम समय लगे
(स) जिनके उच्चारण में मुँह से शीतल वायु निकले (द) जिनके उच्चारण में मुँह से गर्म वायु निकले

**8.** 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र है ........................
(अ) स्वर संधि (ब) व्यंजन संधि
(स) विसर्ग संधि (द) दीर्घ संधि

**9.** भाषा सम्प्रेषण माध्यम है ............................
(अ) विचारों के आदान–प्रदान का (ब) व्यवहार का
(स) व्यापार का (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** कारक चिन्ह है ...................
(अ) छः (ब) सात
(स) आठ (द) पाँच

--------------x--------------